दिनांक : 14.08.2026 समय : 07.10PM

## आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल लाल किले पर तिरंगा फहराकर राष्ट्र को संबोधित करेंगे, पहली बार राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का सामूहिक गायन होगा।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बड़वानी में मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के जिला स्तरीय समाधान कार्यक्रम में हिस्सा लिया।
- धार में भोजशाला परिसर के पास निर्धारित स्थल पर तीसरे शुक्रवार जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।
- प्रदेश में भारी बारिश का दौर जारी, जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभागों में भारी बारिश का अलर्ट।

### स्वाधीनता दिवस- राष्ट्रपति

राष्ट्र कल अपना 80वां स्वतंत्रता दिवस मनाएगा। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु अब से कुछ देर बाद राष्ट्र को संबोधित करेंगी। उनका संबोधन आकाशवाणी के राष्ट्रीय नेटवर्क पर शाम सात बजे से प्रसारित होगा। दूरदर्शन के सभी चैनलों पर इसका हिंदी और अंग्रेजी में प्रसारण किया जाएगा। क्षेत्रीय भाषाओं में राष्ट्रपति के संबोधन का प्रसारण रात साढ़े नौ बजे आकाशवाणी के क्षेत्रीय नेटवर्क पर होगा।

### स्वाधीनता दिवस- प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और राष्ट्र को संबोधित करेंगे। समारोह में पहली बार राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का सामूहिक गायन होगा, जिसके बाद राष्ट्रगान होगा। भारतीय वायुसेना के दो एमआई-17 हेलीकॉप्टर पुष्प वर्षा करेंगे। समारोह में करीब ढाई हजार कैडेट और माई भारत के स्वयंसेवक तथा पांच हजार विशेष अतिथि शामिल होंगे। सुरक्षा के लिए 15 हजार जवान और एक हजार सीसीटीवी कैमरे तैनात किए गए हैं। देशभर में 343 स्थानों पर बैंड प्रस्तुतियां भी होंगी।

मुख्यमंत्री- ध्वजारोहण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में होने वाले राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री प्रदेश की जनता को संबोधित करेंगे। समारोह में पुलिस, एसएएफ, सीआईएसएफ, जेल गार्ड, होम गार्ड, एनसीसी और स्काउट गाइड्स की संयुक्त परेड होगी और मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। मुख्य समारोह से पहले मुख्यमंत्री शौर्य स्मारक पहुंचकर शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे।

**जन-विश्वास अभियान**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज बड़वानी जिले में मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत जिला स्तरीय समाधान कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने आम जनता की शिकायतों और आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की। इसके बाद तलून स्थित उपस्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर ओपीडी, उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं तथा महिलाओं और वृद्धजनों के उपचार की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। इसके बाद बोरलाय के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में जिले के पहले मैथ्स पार्क का उद्घाटन किया। उन्होंने पार्क का अवलोकन कर छात्राओं से संवाद किया और गणित को रोचक एवं प्रयोगात्मक तरीके से सीखने के अनुभव की जानकारी ली।

शिवराज सिंह चौहान

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज चंडीगढ़ में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी यानी सीबीडीसी आधारित डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर व्यवस्था का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इससे गरीब परिवारों को राशन के लिए मिलने वाली सहायता सीधे और सुरक्षित तरीके से मिलेगी और इसका उपयोग राशन तथा जरूरी खाद्य सामग्री की खरीद में ही सुनिश्चित होगा।

कार्यक्रम में पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी और राज्यमंत्री निमुबेन बंभणिया मौजूद रहे।

**हर घर तिरंगा अभियान**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल में हर घर तिरंगा अभियान  के अवसर पर आयोजित विभिन्न तिरंगा यात्राओं में शामिल होकर राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है और वर्ष 2047 तक देश को विकसित और अग्रणी राष्ट्र बनाने का संकल्प है। मुख्यमंत्री ने कोलार रोड पर कर्मश्री की तिरंगा यात्रा को रवाना किया और प्रतिभागियों के साथ यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने शौर्य स्मारक में विभाजन विभीषिका दिवस पर अमर शहीदों को नमन किया और प्रवासी सेनानी वीथि का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाजन की पीड़ा से सीख लेते हुए देश की एकता, भाईचारे और अखंडता को मजबूत करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि भोपाल को छह जिलों को मिलाकर मेट्रोपॉलिटन सिटी का स्वरूप दिया जाएगा। इस अवसर पर पुलिस की तिरंगा बाइक रैली भी रवाना की गई। कटनी में बारिश के बीच भव्य तिरंगा यात्रा हुई। शहडोल में एक किलोमीटर लंबी यात्रा निकली, जबकि सीहोर में भी रैलियां हुईं। खंडवा में तैराकों ने अनोखी तिरंगा यात्रा निकाली।

विभाजन विभीषिका

भोपाल में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आज  केंद्रीय संचार ब्यूरो ने क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, श्यामला हिल्स में संगोष्ठी का आयोजन किया। दत्तोपंत ठेंगडी शोध संस्थान के निदेशक डॉ. मुकेश मिश्रा ने कहा कि विभाजन की विभीषिका को याद रखना जरूरी है, ताकि देश नए बंटवारे का शिकार न हो। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए प्रतिबद्ध रहने का आह्वान किया। पत्र सूचना कार्यालय के निदेशक मनीष गौतम ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। आयोजन में दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी, प्रश्नमंच, चित्रकला, भाषण और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए।

**सूचना**

श्रोताओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना  है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्र के नाम संबोधन के कारण आकाशवाणी का कल सुबह का समाचार बुलेटिन अपने निर्धारित समय सुबह 7 बजकर 10 मिनट के स्थान पर सुबह 6 बजकर 45 मिनट पर प्रसारित किया जाएगा।

भोजशाला

धार में भोजशाला परिसर के पास सर्वे नंबर-612 पर आज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जुमे की नमाज अदा की गई। सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश के तहत निर्धारित इस स्थल पर लगातार तीसरे शुक्रवार नमाज हुई। प्रशासन ने नमाज स्थल के आसपास बैरिकेडिंग और पर्दे लगाए थे तथा पुलिस बल तैनात किया था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डावर ने बताया कि नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई और कानून-व्यवस्था की कोई स्थिति उत्पन्न नहीं हुई।

मौसम

प्रदेश में मानसून के सक्रिय सिस्टम के चलते पूर्वी हिस्से में भारी बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग के कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। सागर, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, अनूपपुर, शहडोल, कटनी, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में चार इंच या उससे अधिक बारिश की संभावना है। वहीं भोपाल और इंदौर समेत कई जिलों में हल्की से तेज बारिश हो सकती है। प्रदेश में अब तक सामान्य से 12 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है।

पावर जनरेटिंग कंपनी

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के तीन विद्युत गृहों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया जाएगा। सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी को सर्वश्रेष्ठ पावर स्टेशन कॉम्प्लेक्स के लिए 10 लाख रुपये और स्थायी शील्ड, श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा को सर्वश्रेष्ठ पावर स्टेशन के लिए 5 लाख रुपये तथा मड़ीखेड़ा जल विद्युत गृह शिवपुरी को सर्वश्रेष्ठ जल विद्युत गृह के लिए 3 लाख रुपये और शील्ड प्रदान की जाएगी।

समाचार संक्षेप में :–

- **शहडोल** संभाग में बेहतर सड़क कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए स्थानीय सांसद हिमाद्री सिंह ने नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की।

- **शिवपुरी** जिले में कलेक्टर अर्पित वर्मा ने बैंक अधिकारियों के साथ बैठक कर पात्र किसानों तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ समय पर पहुँचाने निर्देश दिए
- **नर्मदापुरम** जिला प्रशासन और जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी द्वारा भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के सहयोग से आधार ऑपरेटर्स और सुपरवाइजर्स के लिए मास्टर ट्रेनिंग सेशन आयोजित किया गया।
- **छिंदवाड़ा के तामिया** की जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत छिन्दी में मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के खण्ड स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया।
- **रायसेन** में मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन और भू-अर्जन से जुड़े लंबित मामलों की समीक्षा की।
- **सीहोर** जिले के ग्राम ब्रिजिशनगर में मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत जिला स्तरीय शिविर का आयोजन हुआ,.
- छतरपुर मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत कलेक्टर मृणाल मीना ने शासकीय हाई स्कूल गड़ोही का निरीक्षण किया।